षोडश बिहार विधान सभा

नवम् सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-18 सोमवार, दिनांक-26 मार्च, 2018 ई० ।

मानीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.28 बजे पूर्वाह्न तक ।

[1] प्रश्नकाल :-

(i) 05 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

इस दौरान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए विपक्ष के माननीय सदस्यगण वेल में आ गये । आसन द्वारा बार-बार विपक्ष के माननीय सदस्यों से अपने-अपने स्थान पर जाने का अनुरोध किया गया । किन्तु सदन में शान्ति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 05.21 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[2] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-

(i) माननीय मंत्री, श्री श्रवण कुमार द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 के बाल कल्याण योजनाओं के लिए बजट की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

(ii) माननीय मंत्री, श्री श्रवण कुमार द्वारा वित्तीय वर्ष 2017-18 के बजट प्राक्कलन के संदर्भ में तृतीय तिमाही के प्राप्ति एवं व्यय का रूझान संबंधी परिणाम प्रतिवेदन की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

[3] वित्तीय कार्य :-

वित्तीय वर्ष 2018-2019 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड-12 (गृह विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, निगरानी विभाग तथा निर्वाचन विभाग)] पर वाद-विवाद एवं मतदान :-

माननीय मंत्री, गृह विभाग, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा गृह विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री भोला यादव एवं श्री रामदेव राय के सदन में अनुपस्थित रहने के कारण माननीय सदस्य, श्री समीर कुमार महासेठ द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

अनुदान की मांग एवं कटौती के प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री तार किशोर प्रसाद ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री रत्नेश सादा
(iii) श्री केदार प्रसाद गुप्ता
(iv) श्री अमीत कुमार
(v) श्री मो० नेमतुल्लाह
(vi) श्री वशिष्ठ सिंह
(vii) श्री अनिल सिंह
(viii) श्री (डा०) मुहम्मद जावेद
(ix) श्री राजू तिवारी
(x) श्री ललन पासवान
(xi) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह
(xii) श्री प्रहलाद यादव

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(xiii) सुश्री पूनम कुमारी उर्फ पूनम पासवान

तत्पश्चात् सरकार की ओर से माननीय प्रभारी मंत्री, गृह विभाग, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर के दौरान माननीय नेता विरोधी दल द्वारा औरंगाबाद एवं भागलपुर सहित बिहार के अन्य जिलों की गिरती हुई विधि व्यवस्था पर सरकार से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की गयी ।

माननीय मुख्यमंत्री द्वारा विस्तारपूर्वक स्थिति स्पष्ट की गयी ।

तदोपरान्त् माननीय सदस्य, श्री समीर कुमार महासेठ का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा गृह विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव 64 के मुकाबले 92 मतों से सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

तत्पश्चात् वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक में सम्मिलित शेष अनुदानों की मांग गिलोटीन (मुखबंध) के माध्यम से सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

[4] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 40 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक-27 मार्च, 2018 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-26.03.2018

राम श्रेष्ठ राय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।